असम राज्य के चुनावों में मार गये लोगों की संख्या

2989. **श्री हरीश रावत :**
श्री वृद्धि चन्द जैन :
श्रीमती प्रमिला दंडवते :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) असम में राष्ट्रपति शासन के दौरान विधान सभा और लोक सभा के लिए हाल में हुये चुनावों में हिंसा की घटनाओं में कितने लोग मारे गये और उनमें से सरकारी कर्मचारियों की संख्या कितनी है ;

(ख) क्या सरकार ने हिंसा की इन घटनाओं में मारे गए लोगों के परिवारों को वित्तीय सहायता दी है ; और

(ग) यदि हां, तो उसकी राशि कितनी है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निहार रंजन लस्कर) : (क) राज्य सरकार के अनुसार जनवरी, 1983 से 1344 व्यक्ति मारे गये हैं । सामूहिक हिंसा में 5 पुलिस कर्मियों की भी जानें गईं ।

(ख) और (ग) असम सरकार ने जो व्यक्ति मारे गये हैं उनके परिवारों को पांच पांच हजार रुपए के अनुदान की घोषणा की ।

उत्तर प्रदेश के पिथौरागढ़ जिले में देवलथल नामक स्थान में मेग्नीशियम फैक्ट्री की स्थापना

2990. **श्री हरीश रावत :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के पिथौरागढ़ जिले के देवलथल नामक स्थान में भिलाई इस्पात संयंत्र को मैग्नीशियम सप्लाई करने हेतु एक फैक्ट्री की आधार शिला रखी गई है ;

(ख) यदि हां तो आधार शिला कब रखी गई थी और क्या इस बीच फैक्ट्री का निर्माण कार्य शुरू किया गया है ;

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ; और

(घ) परियोजना का निर्माण कार्य कब शुरू होगा और इसके कब तक पूरा होने की संम्भावना है ?

इस्पात और खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री एन. के. पी. साल्वे) : (क) से (घ) सरकार ने अक्तूबर, 1982 में उत्तर प्रदेश के पिथौरागढ़ में घूर्णन भट्ठी लगाने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया था। इस परियोजना के 48 महीनों में कार्यान्वित किए जाने की सम्भावना है। यह परियोजना भारत रिफ्रेक्ट्रीज लिमिटेड के भिलाई उष्मसह संयंत्र में उष्मसहों के उत्पादन के लिए डेड–बर्न्ट मेग्नेसाइट सप्लाई करेगी। इस परियोजना की आधार शिला 31-10-1982 को रखी गई थी। निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है, परन्तु परियोजना की समय–सूची के अनुसार कार्यान्वित करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

नन्दा देवी नेशनल पार्क में पर्वतारोहण और चराने पर पाबन्दी

2991. **श्री हरीश रावत :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नन्दा देवी नेशनल पार्क क्षेत्र में पर्वतारोहण और पशुओं के चराने पर पाबन्दी लगाने का निर्णय लिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस पाबन्दी से पार्क क्षेत्र के निवासियों की आर्थिक स्थिति